न्यायालय उपखण्ड अधिकारी, फुलियाकलां जिला भीलवाड़ा (राज.)

प्रशासन गावों के संग 2021 अभियान शिविर मुकाम सांगरिया तहसील फुलियाकलां

प्रकरण संख्या – 25/2021

पीठासीन अधिकारी – राजकेश मीना (आर.ए.एस.)

उनवान

1 काली पुत्री काना कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
2 खानी पुत्री अम्बालाल कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
3 घीसू पिता काना कुम्हार नाबालिग जरिये प्राकृतिक संरक्षिका माता प्रेम पत्नि काना कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
4 तेजु पिता काना कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
5 प्रेम पत्नि काना कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
6 मीरा पुत्री काना कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
7 लादु पिता देवी कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
8 मु.लाली पुत्री अम्बालाल कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा

--------(प्रार्थीगण)

वनाम

1 हेमराज पिता भूरालाल दरोगा उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
2 रामसुख पिता कल्याण कुमावत उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
3 कालु पिता हीरा कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा
4 मु.घीसी पत्नि सत्यनारायण कुम्हार उम्र वयस्क निवासी सांगरिया तहसील फुलियाकलां जिला भीलवाडा

--------(अप्रार्थीगण)

उपस्थित–

प्रार्थीगण अधिवक्ता– श्री सुनील कुमार शर्मा
श्री हितेश शर्मा

प्रार्थनापत्र अन्तर्गत धारा 128, रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 बाबत कराने पत्थरगढ़ी आराजीयात

निर्णय

दिनांक – 26.10.2021

प्रार्थी की ओर से एक प्रार्थना पत्र अर्न्तगत धारा 111, 128 रा.भू.राजस्व अधिनियम 1956 इस न्यायालय मे दिनांक 09.02.2021 का प्रस्तुत कर निवेदन किया कि वाके **ग्राम सांगरिया पटवार मण्डल सांगरिया भू.अ.नि. धनोप तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 827 के **आ.न. 2783, 2784, 2785 किता 3 रकबा 0.31 हैक्टयर, भूमि** स्थित हैं। उक्त वादग्रस्त भूमि के विपक्षीगण पड़ौसी हैं। प्रार्थी एवं विपक्षीगण के मध्य आराजीयात के सीमा चिह्न नही होने से आये दिन सीमा संबंधी विवाद उत्पन्न होता रहता हैं। जिससे कि प्रार्थी अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराना चाहता हैं। प्रार्थनापत्र स्वीकार किया जाकर पत्थरगढ़ी का आदेश प्रदान कराया जावे।

प्रस्तुत प्रार्थनापत्र इस न्यायालय मे दिनांक 18.02.2021 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर विपक्षीगणों को वजह जाहिर करने हेतु नोटिस जारी किये गये। विपक्षीगणों को जारी नोटिस बाद तामील रिकार्ड पर उपलब्ध है। किन्तु सूचित होने के उपरान्त भी विपक्षीगण अपना पक्ष रखने, हाजिर नही आये। इसी दौरान प्रकरण को प्रशासन गावों के संग 2021 अभियान शिविर मुकाम सांगरिया दिनांक 26.10.2021 के लिए पंजीबद्ध किया गया। प्रस्तुत प्रार्थना पत्र पर अधिवक्ता प्रार्थी को सुना गया। प्रस्तुत बहस प्रार्थनापत्र पर गौर किया गया। पत्रावली व पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व अभिलेखों का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया। प्रकरण के अवलोकन से यह तथ्य प्रमाणित हैं कि वादग्रस्त भूमि प्रार्थी के खाते की कृषि भूमि हैं और इस प्रकार न्यायिक दृष्टि से एक खातेदार अपने खाते की कृषि भूमि की पत्थरगढ़ी कराने का हकदार हैं। अतः प्रार्थनापत्र प्रार्थी न्याय हित में स्वीकार योग्य प्रतीत होता है।

आदेश

प्रार्थी का प्रार्थनापत्र विरूद्ध विपक्षीगण स्वीकार किया जाकर वाके **ग्राम सांगरिया पटवार मण्डल सांगरिया भू.अ.नि. धनोप तहसील फुलियाकंला** मे उसके खाते की कृषि भूमि खतौनी संख्या 827 के **आ.न. 2783, 2784, 2785 किता 3 रकबा 0.31 हैक्टयर,** भूमि की पत्थरगढ़ी बमवाजात पक्षकारान किये जाने के आदेश पारित किये जाते है। उक्त आदेश की पालना के लिए भू–अभिलेख निरीक्षक धनोप को नियमानुसार ... कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नरं फीस प्रार्थी द्वारा अदा की जायेगी। भू–अभिलेख निरीक्षक पत्थरगढ़ी से ... कम तीन दिन पूर्व सभी पड़ौसियान को उपरोक्त आराजियात की पत्थरगढ़ी हेतु लिखित सूचना पत्र से समय ... बाबत सूचित करेंगे। मौके पर विवाद होने, किसी अन्य न्यायालय से आराजीयात पर स्थगन होने की दशा ... या मौके पर खड़ी फसल होने की स्थिति में पत्थरगढ़ी नहीं की जावें। पक्षकारान उभयपक्ष की मौजूदगी में ही पत्थरगढ़ी की जावें। मुस्तकीन बिन्दु ... आधार मानकर पत्थरगढ़ी किए जाने का आदेश प्रदान किया जाता है। आदेश की प्रति पालनार्थ तहसीलदार फुलियाकलां को भिजवाई जावे। खर्चा फरीकेन अपना अपना वहन करें। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो।

पत्रावली दर्ज रजिस्टर से कम की जाकर फैसल शुमार हो। निर्णय आज दिनांक 26.10.2021 को प्रशासन गावों के संग 2021 अभियान शिविर मुकाम सांगरिया के खुले न्यायालय में सुनाया गया।

Signature Not Verified
Digitally signed by Rajkesh Meena
Date: 2021.12.02 11:41:18 IST
Reason: SelfAttested

(राजकेश मीना)
उपखण्ड अधिकारी, फुलियाकला
जिला भीलवाड़ा
फुलिया कलां (भील.)